तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 22.2 डिग्री

हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, रविवार, 31 अगस्त 2025
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]



प्रधानमंत्री आवास योजना कर रहा लोगों के सपने साकार



B.M. COLLEGE
B.Ed. कोड 114336
आई.टी.आई.
▸ कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन
▸ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸ डीजल मैकेनिक
▸ फायर टेक्नालॉजी
▸ स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग

### मकान के अंदर मौजूद लोग बाल-बाल बचे

# मकान में घुसा अनियंत्रित ट्रक



ट्रक घुसने से मकान हुआ क्षतिग्रस्त।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

बतौली चराईडाँड़ हाइवे पर बगीचा थाना क्षेत्र के सरबकोम्बो में शनिवार सुबह 6 बजे अनियंत्रित ट्रक रोड किनारे मकान में घुस गया। मकान के अंदर मौजूद लोग बाल बाल बच गए। मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया घर मे रखा सभी कीमती सामान बर्बाद हो गया। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। जिस समय यह घटना हुई उस समय मकान में रहने वाला शख्स उठकर मुंह धोने गया था। वाहन में फंसे ड्राइवर को ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला और अस्पताल रवाना कराया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार शनिवार सुबहब6 बजे कोयला से भरा एक ट्रक क्रमांक आरजे 02 सीजी 1712 बतौली चराईडाँड़ हाइवे से आमगांव विश्रामपुर से अंगुल उड़ीसा जा रहा था। इसी दौरान सरबकोम्बो के पास चालक ने वाहन पर से अपना नियंत्रण खो दिया और सड़क किनारे स्थित कमल के घर में घुस गया।जिससे मकान व रखा घरेलू सामान नष्ट हो गया ।घटना में घर के लोग बाल बाल बचे।हादसे के बाद गृह स्वामी कमल ने छती पुर्ति को लेकर वाहन मालिक से मुआवजे की मांग की है.

## तेज रफ्तार बस ने बाइक को मारी टक्कर



जिले में दारा खरिका के जाता कोना में एक जबरजस्त सड़क दुर्घटना हुई है जिसमें गीतांजली बस ने बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिसके कारण बाइक में सवार बुरी तरह घायल हो गया घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तुरंत चिकित्सा सुविधा के लिए अम्बिकापुर भेज दिया गया है। यह दुर्घटना गीन्ताजली बस के चालक की तेज रफ्तार और लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाने से हुई है, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### घायल अंबिकापुर रेफर

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार दाराखरिका के जाता कोना संतन घर के पास गीतांजली बस क्रमांक सीजी 14 जी 0216 ने बाइक सवार दो युवकों को सामने से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को गंभीर हालत में स्वास्थ्य केंद्र नारायणपुर लाया गया, जहां से उसे अम्बिकापुर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम बनकोम्बो सारंगडाँड़ निवासी देवेंद्र प्रसाद राम पिता संतोष राम उम्र 25,इंद्र कुमार पिता देवजीत उम्र 20 साल के साथ बाइक पर बैठकर अपने रिश्तेदार के यंहा चटकपुर गए हुए थे जब वह सुबह वापस आ रहे थे की तभी कलिया से जशपुर चलने वाली गीन्ताजली बस ने जाता कोना के पास चालक के द्वारा लाफ़रवाही पूर्वक एवं तेज रप्तार से चलाते हुए बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल है। पुलिस ने बस सहित चालक को हिरासत में लेकर आगे की कार्यवाही कर रही है।



निरीक्षण करते अधिकारी।


## संयुक्त टीम ने किया दवा दुकानों का निरीक्षण

**जशपुरनगर।** नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन छत्तीसगढ़ एवं कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देश पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन, राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया जा रहा है। औषधि निरीक्षक ने बताया कि निर्देश के परिपालन में शुक्रवार को पत्थलगांव में संचालित गोयल मेडिकल स्टोर, गोयल मेडिकल एजेन्सी, विजय मेडिकल स्टोर एवं शर्मा मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी मेडिकल स्टोर में सीसीटीवी कैमरा स्थापित पाया गया। इसके अलावा टीम के द्वारा कोटपा एक्ट के तहत शासकीय माध्यमिक शाला चेटबा, शासकीय हाई स्कूल बनगांव और हारिजोन पब्लिक स्कूल के 100 गज के भीतर स्थित दुकानों पर तम्बाकू उत्पाद पाए जाने पर चालानी कार्यवाही की गई। इस दौरान औषधि निरीक्षक योगेश परस्ते, मनीष कंवर एवं तहसीलदार पत्थलगांव उपस्थित रहे। अनुविभागीय अधिकारी कुनकुरी द्वारा नार्कोटिक्स दवाइयों के कय-विक्रय एवं सीसीटीवी कैमरा स्थापित करने सम्बधी निर्देश पर कुनकुरी मे संचालित सुनील मेडिकल स्टोर, रारा मेडिकल स्टोर एवं अजय मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम, बीएमओ, औषधि निरीक्षक एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम उपस्थित रही।

■ कोटपा एक्ट के तहत की गई कार्रवाई

### खबर संक्षेप

#### मनाया जाएगा शिशु संरक्षण माह



**जशपुरनगर।** जिले में 29 अगस्त से 30 सितंबर 2025 तक शिशु संरक्षण माह का आयोजन किया जा रहा है। सीएमएचओ ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान 9 माह से 59 माह तक के सभी बच्चों को विटामिन ए का सिरप पिलाया जाएगा और 6 माह से 59 माह के बच्चों हेतु आयरन एवं फोलिक एसिड सिरप का बाटल वितरित किए जाएंगे। शहरी एवं ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में शुबह 9 बजे से शाम 4 बजे के बीच इस माह से संबंधित समस्त गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इस कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस एवं टीकाकरण दिवस में प्रदाय किये जाने वाले सेवाओं का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। इस कार्यक्रम में एनीमिया स्क्रीनिंग एवं स्तनपान संबंधित गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। शिशु संरक्षण माह में सभी मितानिन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा तैयार ग्रामीण क्षेत्र से प्रपत्र 2ए और शहरी क्षेत्र से प्रपत्र 2बी में ड्यू लिस्ट के सभी बच्चों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए हैं।

#### अवैध रेत उत्खनन, परिवहन करते 4 ट्रैक्टर जब्त

**बलरामपुर।** कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने जिले में खनिज के अवैध उत्खनन को रोकने के लिए उत्खनन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश एसडीएम एवं खनिज विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। जिसके तहत राजस्व टीम द्वारा अवैध उत्खनन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। एसडीएम बलरामपुर अभिषेक गुप्ता के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा अवैध उत्खनन व परिवहन करने वालों पर कार्रवाई की गई। टीम द्वारा चनान नदी से 4 ट्रैक्टर में अवैध रूप से रेत का उत्खनन एवं परिवहन करते पाए जाने पर चारों टैक्टर को जब्त कर बलरामपुर थाना को सुपुर्द किया गया है। इस दौरान तहसीलदार रवि भोजवानी, नायब तहसीलदार, पटवारी सहित राजस्व की टीम मौजूद रही।

## 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के लिए बगीचा पहुंचा शक्ति कलश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के बगीचा में आयोजित होने वाले 108 कुंडीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ के लिए 33 परिजन शांतिकुंज हरिद्वार से शक्ति कलश लेकर बगीचा पहुंचे।जहां स्थानीय बस स्टैंड में मातृशक्ति व नगरवासियों ने शक्ति कलश का पूजन अर्चन के साथ भव्य स्वागत किया।

बगीचा में तीन दिनों तक चलेगा महायज्ञः महायज्ञ का आयोजन 10 दिसंबर से 13 दिसंबर तक बगीचा में होना है जिसके लिए गायत्री परिवार के द्वारा तैयारियां शुरु कर दी गई हैं।बस स्टैंड में शक्ति कलश का पूजन कर गायत्री मंत्रोच्चार के साथ मंगल गान करते हुए मातृशक्ति ने सिर पर कलश धारण किया।विघ्न विनाशक गणपति बप्पा के दर्शन पश्चात नगर के मुख्य मार्ग से होते शक्ति कलश स्थानीय दुर्गा मंदिर पंहुचा जहां पूजन अर्चन के बाद गायत्री परिजनों ने प्रज्ञापीठ बगीचा में शक्ति कलश स्थापित किया।शक्ति कलश के स्वागत में गायत्री परिवार के समस्त परिजनों समेत प्रज्ञा महिला मंडल की बहनें उपस्थित रहीं।स्थानीय नागरिकों में मुकेश शर्मा, श्रीमती गीता सिन्हा, श्रीमती मुक्ता यादव आदि उपस्थित रहे।



कलश का स्वागत करते परिजन।

**क्या कहते है प्रज्ञापरिजनः** प्रज्ञा परिजन रमेश गुप्ता ने बताया कि 1 सितंबर प्रातः 8 बजे से गायत्री मंदिर में अखंड जप का कार्यक्रम रखा गया है।जिसकी पूर्णाहुति 24 घंटे बाद 2 सितंबर को प्रातः 8 बजे होगी। कार्यक्रम के बाद परिजनों व नगरवासियों की आवश्यक गोष्ठी होगी रखी गई है जिसमें यज्ञ की तैयारी को लेकर आगामी कार्ययोजना पर विचार विमर्श किया जाएगा।

### शक्तिकलश का भावभरा अभिनंदन

गायत्री मंदिर में शक्ति कलश लेकर पहुंचे परिजनों का भाव भरा अभिनंदन किया गया।यहां यज्ञ समिति के सदस्यों ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारी को लेकर आगामी तीन महीने की विस्तृत कार्ययोजना बनी हुई है जिसकी शुरुआत गायत्री महामंत्र के चौबीस घंटों के अखंड जप से की जाएगी।इस क्रम में घर घर दीप महायज्ञ,एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ,मंत्र लेखन, मुट्ठी चावल अन्नदान, अंशदान, श्रमदान,समयदान की श्रृंखला सतत चलती रहेगी।

### हरिद्वार शक्ति कुंज से मिली स्वीकृति

108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की स्वीकृति शांतिकुंज हरिद्वार से प्राप्त हो चुकी है।जिसके बाद स्थानीय स्तर पर कार्यक्रम की भव्य तैयारी के लिए प्रयास शुरु कर दिए गए हैं।उक्त शक्ति कलश के भ्रमण से गांव गांव तक युग निर्माण योजना का संदेश गायत्री परिजन पंहुचाते हुए जन जन को उक्त यज्ञ आयोजन के लिए आमंत्रित करेंगे।

## दसलक्ष महापर्व पर उत्तम आर्जव धर्म का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

दशलक्षण महापर्व के अंतर्गत तीसरे दिन शनिवार को शहर के जैन समाज मंदिर प्रांगण में उत्तम आर्जव धर्म का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के सागर से आये योगेश भैया जी ने आर्जव धर्म के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन में सीधापन और ईमानदारी ही असली धन है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति कपट और छल को त्यागकर निष्कपट जीवन अपनाता है, उसका जीवन विश्वास और सत्य की रोशनी से आलोकित हो जाता है। आर्जव धर्म से मनुष्य के हृदय और वाणी में पवित्रता आती है तथा उसका आचरण समाज के लिए आदर्श बन जाता है।



जैन समाज मंदिर प्रांगण में उत्तम आर्जव।

### पांड्या परिवार ने किया शांतिधारा का पुण्यार्जन

कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातःकाल श्री जी की प्रतिमा पर शांतिधारा की गई जिसके पुण्यार्जन का सौभाग्य अनिल कुमार सुनील कुमार पांड्या परिवार को प्राप्त हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर धर्मलाभ लिया और आर्जव धर्म को आत्मसात करने का संकल्प व्यक्त किया। दशलक्षण पर्व के दौरान मंदिर परिसर में सुबह से ही धार्मिक माहौल बनना शुरू हो जाता है। महिलायें,युवावर्ग और बच्चे भी अनुष्ठानों में बढ़-चढ़कर भाग ले रहे है। समाज के वरिष्ठजनों ने कहा कि दशलक्षण पर्व आत्मशुद्धि और आत्मबल को बढ़ाने का श्रेष्ठ अवसर है, जिसे पूरे मनोयोग और श्रद्धा के साथ मनाना चाहिए।

### प्रवचन में सरलता और सच्चाई को बताया जीवन की शक्ति

योगेश ने कहा कि कपट और असत्य मनुष्य को भीतर से खोखला कर देते हैं, जबकि आर्जव यानी सरलता और सच्चाई आत्मा को दृढ़ और शांत बनाती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में आर्जव धर्म को धारण करें और दूसरों के लिए प्रेरणा बनें।

### आज उत्तम शौच धर्म

उत्तम शौच धर्म जैन धर्म के दशलक्षण धर्म में पांचवां लक्षण है। शौच का अर्थ है पवित्रता या शुद्धि। लेकिन यहाँ केवल बाहरी शारीरिक शुद्धि (स्नान, वस्त्र आदि की स्वच्छता) ही नहीं, बल्कि मन, वचन और शरीर तीनों की आंतरिक शुद्धि का भाव है।बाह्य शौच – तन, वस्त्र, आहार और वातावरण की स्वच्छता।आंतरिक शौच – आत्मा के भीतर से राग-द्वेष, क्रोध, लोभ, मोह आदि दोषों को हटाना और सद्भावनाओं को विकसित करना है।

## सात करोड़ से बनेगा आधुनिक सुविधाओं से लैस ऑडिटोरियम

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के घोषणा अनुरूप नगर में आधुनिक सुविधाओं से लैस ऑडीटोरियम निर्माण के लिए 7 करोड़ रूपये की स्वीकृति देते हुए बजट जारी कर दिया है। नगर पालिक के अधिकारी ने बताया कि इस निर्माण कार्य के लिए नगर सरकार ने तकनीकी स्वीकृति की प्रक्रिया पूरी कर निविदा जारी कर दिया है। निविदा प्रक्रिया पूरी होने के बाद जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।



■ मुख्यमंत्री ने नगर पालिका को दिया बड़ा उपहार

### यह होगा आडोटोरियम से लाभ

अभी तक जिला मुख्यालय में बड़े आयोजन के लिए जगह की कमी महसूस की जा रही थी। शहर में आयोजित होने वाले किसी भी बड़े सामाजिक, राजनीतिक और धार्मिक आयोजन का पूरा बोझ फिलहाल रणजीता स्टेडियम और वशिष्ठ कम्युनिटी हाल पर है। रणजीता स्टेडियम में स्ट्रोटर्फ ग्रास और एलईडी डिस्प्ले लगाने की घोषणा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय दिलीप सिंह जूदेव स्मृति फुटबाल टूर्नामेंट के दौरान कर चुके हैं। आडोटोरियम के बन जाने से शहरवासियो को एक अच्छा विकल्प मिल सकेगा।

### ऑडीटोरियम मिलेगी ऐसी सुविधा

आडोटोरियम का निर्माण शहर के सारुडीह मोड़ के पास बंद पड़े हुए दुग्ध संयंत्र के पीछे में किया जाएगा। इसके लिए ढाई एकड़ जमीन चिन्हकित कर लिया गया है। 500 सीट क्षमता वाले इस आडोटोरियम में पार्किंग के साथ बेहतर लाइट व्यवस्था और बुनियादी सुविधा उयलब्ध कराई जाएगी।

### महाकुल यादव समाज पदाधिकाररियों की सूची जारी

**जशपुरनगर।** महाकुल यादव समाज सेवा समिति जिला जशपुर की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। प्रदेश अध्यक्ष परमेश्वर यादव द्वारा अनुमोदन के उपरांत समिति के जिला अध्यक्ष अशोक कुमार यादव ने पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों की सूची जारी की। जारी सूची में विभिन्न पदों पर नियुक्त सदस्यों के नाम शामिल हैं। समिति ने समाज सेवा, शिक्षा, सांस्कृतिक एवं सामाजिक उत्थान के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया है। समिति पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन समाज की एकता, युवाओं के मार्गदर्शन और जरूरतमंदों की सहायता के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा।

### ऑपरेशन शंखनाद की बड़ी सफलता

## गौ मांस बनाकर खाने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह के दिशा निर्देश पर पिछले एक वर्ष से चल रहे ऑपरेशन शंखनाद को लगातार मिल रही सफलता में एक अध्याय और जोड़ते हुए पुलिस ने गौवंश की हत्या कर गौमांश को पकाकर खाने एवं विक्रय करने वाले पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

मिली जानकारी के अनुसार 29 अगस्त को थाना पत्थलगांव पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली थी, कि ग्राम मुड़ापारा, पैरापारा निवासी आरोपी राजू कुजूर अपने कुछ साथियों के साथ एक खेत में गौ वंश का वध कर ⏭ शेष पेज 4 पर



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### गौमांस के साथ कटा सिर व औजार बरामद

पुलिस द्वारा जब घटना स्थल की तलाशी ली गई तो वहां प्लास्टिक की थैली में डेढ़ किलो गौ वंश का मांस मिला व मौके पर गौ वंश का कटा सिर, पैर, पूछ सहित मांस काटने का औजार व मांस काटने हेतु प्रयुक्त लकड़ी का टुकड़ा मिला। पुलिस द्वारा जप्त कर लिया गया है। चारों संदिग्ध आरोपियों से पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम राजू कुजूर उम्र 40 वर्ष,रामेश्वर कुजूर उम्र 35 वर्ष, संदीप कुजूर उम्र 30 वर्ष सभी निवासी मुड़ापार व चौथे आरोपी ने अपना नाम गोकुल टोप्पो, उम्र 35 वर्ष, निवासी सूरजगढ़, थाना पत्थलगांव का निवासी होना बताया। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उनके द्वारा वध किया ⏭ शेष पेज 4 पर

### आरोपियों ने स्वीकार किया गुनाह

पूछताछ पर पांचों आरोपियों के द्वारा अपराध स्वीकार करने व प्रयाप्त अपराध सबूत पाए जाने पर, उनके विरुद्ध थाना पत्थलगांव में छ ग कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4,5,10 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर, विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

### कार्रवाई एवं विवेचना में इनकी रही भूमिका

मामले की कार्यवाही व गौ वंश के मांस सहित आरोपियों की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी पत्थलगांव निरीक्षक विनीत कुमार पांडे, प्रधान आरक्षक मिथलेश यादव, आशीषन टोप्पो, वीरेंद्र यादव, इलिस्टर कुजूर, पद्दुम वर्मा व तुलसी रात्रे की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### ऑपरेशन शंखनाद निरंतर जारी रहेगा

मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि पत्थलगांव क्षेत्र में गौ वंश के मांस के साथ पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है, ऑपरेशन शंखनाद निरंतर जारी है।



## खबर संक्षेप

### प्रियंका को मिली पीएचडी की उपाधि

**अम्बिकापुर।** संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय द्वारा प्रियंका सिंह चंदेल को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। प्रियंका सिंह ने शासकीय राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय से प्रो.एसएन पांडेय के निर्देशन में अंग्रेजी विषय में फिक्शनल राइटिंग ऑफ झुम्पा लाहिरी ए क्रॉस कल्चरल प्रास्पेक्टिव विषय पर अपना शोध कार्य पूरा किया। अंग्रेजी भाषा के इस शोध कार्य को बेहद महत्वपूर्ण शोध माना जा रहा है।

### मुख्यमंत्री की तस्वीर का चित्रण करने वाली सीमा को किया गया सम्मानित



**सूरजपुर।** तिलसिवां अटल कुंज के समीप 20 अगस्त को भव्य छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन द्वारा किया गया था। मौसम के मद्देनजर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से अपनी वर्चुअल उपस्थिति दर्ज कराई थी। जिसमें सुश्री सीमा भारती द्वारा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को एक छायाचित्र भेंट किया गया था। जिसमें छत्तीसगढ़ के नक्शे के साथ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के तस्वीर का चित्रण किया गया था। उनके इस भेंट व उनकी कला का सम्मान करते हुए, आज कलेक्टर एस जयवर्धन द्वारा उन्हें प्रमाण पत्र व उपहार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसडीएम श्रीमती शिवानी जायसवाल व अन्य उपस्थित थे।

### बूढ़ाबगीचा में चलाया गया स्वच्छता अभियान



**राजपुर।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत बूढ़ाबगीचा में शुक्रवार को समूह की महिलाएं द्वारा विभिन्न वार्डों में भ्रमण कर विशेष स्वच्छता जागरूकता अभियान का शुरू किया गया। जनपद पंचायत सीईओ संजय दुबे के निर्देश पर ग्राम पंचायत बूढ़ाबगीचा सरपंच सुषमा मराबी, सचिव रामदीन राम के नेतृत्व में समूह की महिलाओं ने विभिन्न वार्डों में डोर-टू-डोर संपर्क किया तथा स्वच्छ भारत के स्वच्छता का पालन रखने की बात कही गई। सफाई समूह की महिलाओं द्वारा विभिन्न वार्डों के नागरिकों के यहां घर-घर जाकर डोर टू डोर कचरा कलेक्शन किया गया और कहा कि वे सही समय पर कचरा डस्टबिन में रखेंगे। डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के दौरान समूह की महिलाओं द्वारा ग्राम वासियों को कहा गया कि घरों से सीधे गीला और सूखा कचरा अलग-अलग डस्टबिन में और स्वच्छता दीदियों को कचरा गीला व सूखा अलग अलग प्रदान करे। इस दौरान देवी दयाल मराबी व ग्राम वासी एवं समूह की महिलाएं मौजूद थी।

### कुंजनगर हर्राटिकरा के शोक संतप्त परिवारों से मिलकर मंत्री ने जताई संवेदना



**बिश्रामपुर।** भटगांव विधानसभा अंतर्गत शिवनंदनपुर मंडल के ग्राम कुंजनगर व हर्रा टिकरा स्थित विभिन्न शोक कार्यक्रमो में शामिल होकर महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने शोक संतप्त परिवारों को ढाँढस बंधा ईश्वर से उनके आत्मीय मोक्ष की कामना की है।केबिनेट मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने ग्राम पंचायत कुंजनगर में शिवलाल राजवाड़े के भाई स्व.संफर राजवाड़े एवं मंडल अध्यक्ष हरीश राजवाड़े के पिता स्व.करन साय के निवास एवं ग्राम पंचायत हर्राटिकरा में दशरथ राजवाड़े की पत्नी स्व.लक्ष्मी राजवाड़े के घर जाकर शोक कार्यक्रमों में शामिल हुईं।इस दौरान भाजपा शिवनंदनपुर मंडल के अध्यक्ष हरिश राजवाड़े,पूर्व मंडल अध्यक्ष देवधन राम बिझिया,कैलाश सिदार,हंस राजवाड़े, मनियारी, रीता देवी, नंद कुमारी, अर्जुन, शंकर, भरत लाल, चंद्र कुमार, दल साय व गोपाल उपस्थित रहे।

### परिवार से अलग रह रहे व्यक्ति ने लगाई फांसी

**अम्बिकापुर।** परिवार से अलग रह रहे व्यक्ति ने अपने किराए के मकान में फांसी लगा लिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। प्रतापपुर क्षेत्र निवासी राजेंद्र अग्रवाल आ. रामचंद्र अग्रवाल (55 वर्ष) परिवार से अलग होकर ब्रम्हरोड श्रीराम मंदिर गली में अनिल बारी के यहां किराए के मकान में रह रहा था। आज सुबह मोहल्ले के लोगों ने खिड़की से देखा तो वह कमरे में गमछा के सहारे मृत हालत में फांसी में लटका हुआ था घटना की सूचना मोहल्ले के लोगों ने पुलिस को दी।

## मेडिकल कॉलेज अस्पताल सहित निजी अस्पताल में बढ़ी मरीजों की संख्या

# बरसात में बढ़ी मौसमी बीमारी, सर्दी-खांसी बुखार से पीड़ित पहुंच रहे जिला अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- मेडिकल कॉलेज अस्पताल में क्षमता से अधिक हो गए मरीज

बरसात के मौसम में अन्य मौसम की अपेक्षा मौसमी बीमारी का प्रकोप अधिक होता है। ऐसे में अचानक मौसम में बदलाव आ जाए तो बीमारी का प्रकोप और भी बढ़ जाता है। कुछ इस तरह की स्थिति बरसात के इस मौसम में देखने को मिल रहा है। लगातार बारिश होने फिर धूम हो जाने से अब मौसम बदलने का असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ने लगा है। आलम यह है पिछले कुछ दिनों से बच्चे से लेकर बडे सर्दी, खांसी व बुखार से पीड़ित होने लगे। अचानक मौसम के बदल जाने से मेडिकल कॉलेज अस्पताल समेत निजी अस्पताल में मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है।चिकित्सक भी बदलते मौसम में बच्चों को विशेष ध्यान देने की सलाह दे रहे है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के शिशु वार्ड में भी हर रोज बड़ी संख्या में परिजन बीमार बच्चों को उपचार कराने पहुंच रहे है जिससे अब बेड भी कम पड़ गए है जिससे चिकित्सक बीमार बच्चों को फर्श पर गद्दा लगाकर उपचार कर रहे है।

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कुछ दिनों से मरीजों की संख्या काफी बढ़ गई है जिससे हर रोज ओपीडी में भी मरीज के परिजन की भीड़ बढ़ने लगी है। ओपीडी में शहर की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की ज्यादा भीड़ होती है जो मौसमी बीमारी का इलाज कराने पहुंचते है। चिकित्सकों के मुताबिक बारिश के बाद अचानक मौसम के बदल जाने तथा गर्मी के साथ उमस बढ़ जाने से के कारण इसका विपरीत असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है।

मौसम के बदल जाने से लोग सर्दी, खांसी व बुखार से पीड़ित होने लगे। इन दिनों मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अलावा निजी अस्पतालों में भी मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के ओपीडी में कुछ दिनों से मरीजों की संख्या वृद्धि हुई है हालांकि ओपीडी में विभिन्न बीमारियों की जांच कराने लोग आते है परंतु उनमें सर्दी, जुकाम व बुखार पीड़ितों की संख्या अधिक होती है। इस प्रकार की स्थिति एमसीएच में भी जहां परिजन बच्चों के सर्दी-जुकाम, बुखार की शिकायत को लेकर जांच कराने पहुंच रहे है।



शिशु वार्ड में फर्श पर इलाज कराते परिजन।

### मेडिकल कॉलेज भवन बनने से मिलती राहत

मेडिकल कॉलेज अस्पताल प्रबंधन की माने तो वर्तमान में मेडिकल कॉलेज अस्पताल लगभग 6 सौ 50 बिस्तरीय है। ऐसे में हर रोज बड़ी संख्या में मरीजों के आने से मेडिकल वार्ड, आईसीयू, शिशु वार्ड में अब बेड कम पड़ने लगे है। ऐसे में वार्ड के गलियारों में अतिरिक्त बेड व शिशु वार्ड में खाली जगह पर गद्दा लगाकर इलाज किया जा रहा है। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज भवन पूर्ण हो जाती तो काफी राहत मिलती और मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीज की संख्या भी सामान्य हो जाती। क्षमता से अधिक मरीज होने के कारण मरीज सहित चिकित्सकों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

#### बासी भोजन से करें परहेज

चिकित्सकों के मुताबिक वर्तमान में मौसमी बीमारी के कारण मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई है। चिकित्सकों ने बरसात के मौसम में पानी उबाल कर पीने तथा बासी भोजन से परहेज करने की सलाह दी। ग्रामीण क्षेत्रों में लोग रात के बचे भोजन तथा कुआं के पानी को बिना उबाले पीते है जिससे बीमार पड़ जाते है। चिकित्सकों का कहना है कि सर्दी, खांसी व बुखार यह मौसमी बीमारी है। घर में बने काढ़ा पीने से ठीक हो सकते है।

#### अस्पताल में बढ़े है मरीज

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कुछ दिनों के भीतर मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। मेडिकल वार्ड एवं शिशु वार्ड में मरीज अधिक है जिस कारण मेडिकल वार्ड के गलियारों एवं शिशु वार्ड में खाली जगह पर गद्दा लगाकर उपचार किया जा रहा है। सभी बेड पर मरीज होने के कारण ऐसी स्थिति बनी है।

-डॉ. आरसी आर्या
अस्पताल अधीक्षक

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिश्रामपुर का एसडीएम ने किया आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- ड्यूटी समय पर नहीं मिले डॉक्टर, एक दिन का वेतन काटने के दिए गये निर्देश



सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिश्रामपुर में शुक्रवार को एसडीएम शिवानी जायसवाल ने औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान लापरवाह चिकित्सकों और कर्मचारियों को फटकार लगाई गई है।अस्पताल की स्थिति देखकर उन्होंने कहा कि मरीजों की सुविधा से किसी भी तरह का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

एसडीएम ने निरीक्षण के दौरान कुछ चिकित्सक और कर्मचारी समय पर उपस्थित नहीं पाए।इस पर ड्यूटी से नदारद रहे चिकित्सकों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश जारी किए हैं।अचानक हुई कार्रवाई से पूरे अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मच गया।निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने अस्पताल में लगी एक्स-रे मशीन को लेकर भी नाराजगी जताई। उन्होंने बीएमओ डॉ.अमित भगत को निर्देशित किया कि मशीन को जल्द से जल्द नए भवन में शिफ्ट कराया जाए,ताकि मरीजों को बेहतर सुविधा मिल सके।एसडीएम ने अस्पताल परिसर की स्वच्छता और मरीजों की देखभाल पर भी कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि अस्पताल में हमेशा डॉक्टर समय पर मौजूद रहें। मरीजों को उचित और समय पर उपचार मिले,अस्पताल परिसर में साफ-सफाई और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित हो।

## बकाया राशि भुगतान को लेकर जिपं सीईओ ने शीघ्र निराकरण कराने दिया आश्वासन

**बिश्रामपुर।** पिलखा क्षीर के बकाएदारों के लाखों रुपए की लंबित राशि का भुगतान के मामले में आज शुक्रवार को जिला पंचायत सीईओ व एसडीएम की उपस्थिति किसानों से चर्चा उपरांत एक महीने का समय लिया गया है। गौरतलब है कि पिलखा क्षीर सिलफिली के दूध विक्रेताओं के समेत अन्य कार्यों हेतु बकाया करीब 90 लाख रुपए का भुगतान किया जाना वर्षों से लंबित है। भुगतान न मिलने से किसानों को आर्थिक व मानसिक रूप से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा पिछले दिनों कलेक्टर को ज्ञापन देकर लंबित भुगतान को जल्द कराए जाने की मांग की गई थी,बावजूद इसके आज तक कोई पहल नहीं होने पर 18 अगस्त को पुनः कलेक्टर को ज्ञापन देकर एनएच 43 पर 20 अगस्त को पिलखा क्षीर के सामने चक्काजाम व विरोध प्रदर्शन किए जाने हेतु ज्ञापन कलेक्टर को दिया गया था जो कि स्थगित हो गया,इसी तारतम्य में शुक्रवार को किसानों का प्रतिनिधि मंडल जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र यादव व युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में बैठक जिला पंचायत सभाकक्ष में आहूत की गई।बैठक में जिला पंचायत सीईओ विजेंद्र सिंह ने किसानों की बातों को गंभीरता से सुनने उपरांत एक महीने के अंदर पूरी जानकारी एकत्र करके समस्या के निराकरण हेतु पहल किए जाने का आश्वासन दिया है। इस दौरान धरनीधर चौरसिया,वेद प्रकाश मिश्र,तपन सिकदार,मिक्का मंडल,पीयूष कुशवाहा,भागवत कुशवाहा,ओमप्रकाश कुशवाहा,यश दास,अभय लकड़ा, रामावतार कुशवाहा,राजेश यादव व अन्य उपस्थित थे।



## स्कूली बच्चों को साइबर अपराध के प्रति पुलिस ने किया जागरूक

**सूरजपुर।** साइबर अपराधों को रोकने व साइबर क्राइम के प्रति आमजन को सजग करने के लिए पुलिस ने शुक्रवार स्थानीय साधुराम विद्या मंदिर स्कूल में साइबर कॉप जन जागरूकता अभियान के तहत बच्चों को साइबर अपराध की जानकारी देकर उनके बचाव के तरीके बताए।

इस अवसर पर एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने स्कूली बच्चों से साइबर सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन को लेकर कई ज्ञानवर्धक सवाल छात्रों से पूछे जिसका छात्रों ने जवाब दिए। यह आयोजन विद्यार्थियों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से किया, ताकि वे किसी भी साइबर क्राइम का शिकार न हो सके। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने बताया कि साइबर अपराध कई प्रकार के होते हैं जिसमें हैकर्स,धोखेबाज किस्म के अपराधी पीड़ितों की प्रतिष्ठा, वित्त, व्यवसाय आदि को प्रभावित करने वाले विभिन्न साधनों का उपयोग करते हैं। समय के साथ साइबर अपराधी साइबर क्राइम करने के तरीके बदल रहे हैं। उन्होंने बताया कि आपकी सहायता करने के लिए आपको यदि कोई बैंक, बिजली, नगर पालिका, टेलीफोन एक्सचेंज, आयकर या किसी भी विभाग का कर्मचारी बताकर कोई जानकारी मांगता है तो उसे अपनी कोई भी जानकारी न दें।

## फार्म हाउस से मुर्गा, बतख चोरी मामले में पुलिस ने एक युवक को किया गिरफ्तार



**सूरजपुर।** फार्म हाउस से मुर्गा, बतख चोरी मामले में कोतवाली पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपी के पास से छह बतख बरामद किया है।

जानकारी के अनुसार भैयाथान रोड़ निवासी गौतम गुप्ता ने कोतवाली में 12 अगस्त को रिपोर्ट दर्ज काराया था कि उसके फार्म हाउस से चोरों ने मुर्गा, बतख एवं 1 नग समरसिबल पम्प चोरी कर ले गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। इसी बीच पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर संदेही ग्राम डुमरिया निवासी तुलेश्वर राजवाड़े आ.सीताराम (30 वर्ष) को दबिश देकर पकड़ा। पूछताछ पर युवक ने बताया कि अपने 3 अन्य साथियों के साथ मिलकर मुर्गी पालन केन्द्र फार्म हाउस के अंदर रात्रि में घुसकर जाली को उखाड़ कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरी की। साथ ही बताया कि 6 बतख को अपने बहन के घर ले जाकर रखा। पुलिस ने आरोपी के निशानदेही पर 6 बतख बरामद किया। मामले में अन्य आरोपी फरार है जिसकी तलाश की जा रही है। कार्रवाई में थाना प्रभारी विमलेश दुबे, एएसआई संजय सिंह, आरक्षक जितेन्द्र पटेल, प्रदीप सोनवानी व संदीप यादव सक्रिय रहे।

## छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव पर 20 कृषक को मछली बीज किया गया वितरण

- सुशासन त्यौहार के अवसर पर मत्स्य बीज के मांग वाले आवेदकों को भी मिला मत्स्य बीज




**सूरजपुर।** मछली बीज प्रदान करने के लिए सुशासन त्यौहार के अवसर पर कृषक द्वारा मत्स्य विभाग को आवेदन दिए गए थे। वर्षा ऋतु को मत्स्य पालन के लिए उपयुक्त मानते हुए विभाग द्वारा मछली बीज का वितरण कृषकों के आवेदनों के आधार पर किया जा रहा है। जिसके तहत आज लगभग 20 कृषकों को मत्स्य बीज हेतु मछली वितरण किया गया है। कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देश पर छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव पर मत्स्य पालन के लिए पात्र कृषक को मछली बीज प्रदाय किया जाएगा। जिले के विभिन्न विकासखंडों से प्राप्त कृषकों के आवेदन के आधार पर मछली बीज का वितरण किया जा रहा है। कृषकों की मांग के अनुसार शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र बसदेई से पात्र हितग्राहियों को 50 प्रतिशत अनुदान पर मत्स्य बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। आज कृषक धन साय, सुंदर लाल,नेतलाल रजवाड़े, बेदेश्वर प्रसाद, धनधारी,, करम साय, मयंक साहू, मालिक राम सहित अन्य कृषकों को मत्स्य बीज प्रदाय किया गया।

## कैबिनेट मंत्री राजेश का किया गया स्वागत

**उदयपुर।** कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल के प्रथम सरगुजा आगमन पर उदयपुर प्रवेश स्थल पर विकासखंड के जनपद सदस्य, सरपंच, उप सरपंच, सचिव संघ द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कैबिनेट मंत्री श्री अग्रवाल के पहुंचते ही कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं तथा महिला मोर्चा द्वारा तिलक आरती करते हुए पुष्प वर्षा की गई। इसके पश्चात संयुक्त संघ द्वारा लड्डुओं से तौलते हुए महामाला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर भगवाधारी शैला नृत्य की टीम द्वारा आकर्षक प्रस्तुति दी। इस दौरान जनपद सदस्य अर्जुन सिंह, मुन्ना सिंह, नागेश्वरी पैकरा, शकुंतला पैकरा, रेवती यादव, सरपंच संघ के प्रदीप मरकाम, मनबोध सिंह, जगदीश सिंह, अनिमा पैकरा, राम सिंह, राजेंद्र सिंह, कैलाश सिंह, देवलोचन, सखा राम, ठाकुर मरकाम, सालिक राम, शशिकांत, कलम साय, उप सरपंच संघ के संतोष जायसवाल, चन्द्र बसु यादव, मूलचंद्र अग्रवाल, खेलावन निषाद, प्रमोद जायसवाल, सुध राम, अमन बसंल, बिहानु राम, भगवान दास, चन्द्रिका यादव, सचिव संघ के बाबूलाल दास, नारायण यादव, गोपाल राम, नसीमदीन खान, खेलो सिंह, रूपन सिंह,, नोहर साय, शिवकुवर, राजेश पैकरा, छत्रपाल, इन्द्रजीत, रमेश पाण्डेय, आदित्य ताम्रकार, आशीष अग्रवाल, भुनेश्वर पैकरा, सुशील यादव, बुधराम तिर्की एवं विकासखंड के अधिकारी, कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।



## भारतीय मजदूर संघ ने लगाए फलदार पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

भारतीय मजदूर संघ बीएमएस ने वीरांगना अमृता देवी बलिदान दिवस को अनूठे तरीके से मनाते हुए इसे पर्यावरण संरक्षण दिवस का रूप दिया,कुम्दा फिल्टर प्लांट प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में श्रमिक नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पौधरोपण किया एवं अमृता देवी के अद्वितीय बलिदान को याद कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की,संघ के क्षेत्रीय समन्वयक राजेश सिंह और वरिष्ठ कार्यकर्ता महेश गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि 28 अगस्त 1730 का दिन विश्व इतिहास में सदैव अविस्मरणीय रहेगा, यह वह दिन था जब जोधपुर रियासत के आदेश के विरोध में पेड़ों की रक्षा हेतु वीरांगना अमृता देवी और उनकी दोनों बेटियों ने पेड़ों से लिपटकर अपने प्राणों की आहुति दे दी थी,उन्होंने कहा कि अमृता देवी का यह बलिदान न केवल भारत,बल्कि पूरी दुनिया को यह संदेश देता है कि प्रकृति और पर्यावरण की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदानभी कम है। श्रमिक नेताओं ने केंद्र सरकार से 28 अगस्त को राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस घोषित करने की मांग की, उनका कहना था कि जिस तरह विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को मनाया जाता है,उसी तरह भारत की ऐतिहासिक विरासत और बलिदान को ध्यान में रखते हुए अमृता देवी के बलिदान दिवस को भी आधिकारिक मान्यता दी जानी चाहिए।कार्यक्रम में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए।इस अवसर पर अन्य वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण केवल एक मुद्दा नहीं बल्कि जीवन का आधार है। कार्यक्रम का संचालन प्रेम जायसवाल ने किया, आयोजन को सफल बनाने में राकेश सिंह, जवाहरलाल, महेंद्र, विजय बहादुर, राजेश पाल, अनिल रौतेला, अखिलेश पटेल, हजरत अली, अनूप केरकेट्टा व अन्य सक्रिय रहे।

## खाद की किल्लत, कालाबाजारी सहित अन्य समस्याओं को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

# समितियों के माध्यम से शासकीय दर पर उपलब्ध कराया जाए खाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



खरीफ सीजन में खाद की कमी, 266 रुपए के यूरिया कि एक हजार से 15 सौ रुपए तक में काला बाजारी, एग्रो स्टेट पंजीकरण में शिथिलता, फसल बीमा में मनमानी को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार को धरना प्रदर्शन व चक्का जाम किया। सांकेतिक चक्का जाम के दौरान सड़क के दोनों ओर जाम की स्थिति निर्मित हो गई। इस दौरान कांग्रेस ने एसडीएम के माध्यम से सात सूत्रीय मांगों को लेकर सीएम के नाम ज्ञापन सौना। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि सरकार समितियों के माध्यम से तत्काल शासकीय दर पर किसानों को खाद उपलब्ध कराए साथ ही खाद के कालाबाजारियों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्रवाई करे। जैसे एक शिशु को समय पर दूध की आवश्यकता होती है उसी प्रकार फसलों को भी समय पर खाद चाहिए।

खाद को लेकर सरकार का रवैया के कारण अच्छी बारिश के बावजूद किसानों का उत्पादन प्रभावित होने की संभावना बन रही है। पीसीसी उपाध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव ने कहा कि किसान, जवान, महिला, पिछड़े, आदिवासी, दलित सहित देश के आम नागरिको का हित सरकारों के कार्यसूची में नहीं आता। निगम में नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने कहा है कि सरकार जानबूझकर किसानों को खाद उपलब्ध नहीं करा रही है। सरकार का एकमात्र लक्ष्य धान उत्पादन को प्रभावित करना है। सरकार को लगता है कि खाद की कमी से किसान का धान उत्पादन कम होगा जिससे सरकार पर धान खरीदी का बोझ नहीं आएगा। धान खरीदने से बचने के लिए सरकार जानबूझकर किसानों को खाद नहीं उपलब्ध करा पा रही है। डीएपी खाद की अनुपलब्धता को लेकर पीसीसी महामंत्री द्वितेन्द्र मिश्रा ने सभा के दौरान पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता ने एग्री स्टेट पंजीयन का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि धान खरीदी सहित किसानों से संबंधित सभी लाभ की योजनाओं को इससे जोड़ इसे अनिवार्य बना दिया गया है लेकिन किसानों के बीच मे इसके प्रचार प्रसार में प्रशासन असंवेदनशील बना हुआ है।

## पंडालों में विधि-विधान से की जा रही पूजा अर्चना

**सोनगरा।** कोयलांचल क्षेत्र भटगांव में बड़े धूमधाम के साथ गणेश उत्सव मनाया जा रहा है। इस अवसर पर जगह-जगह पंडाल में भगवान गणेश की प्रतिमा विधि विधान से स्थापना की गई। न्यू माइनस कॉलोनी, पुराना माइंस कॉलोनी, प्रगति विहार कॉलोनी, संडे मार्केट,बाजार पारा, शिव मंदिर प्रांगण, मस्जिद पारा सहित कई जगह पर लंबोदर की प्रतिमा स्थापित किया गया और पूजा अर्चना की जा रहीं है। वहीं वार्ड क्रमांक 2 बांधपारा मे पूर्व पार्षद अवधेश पैकरा ने साथियों के साथ सांस्कृतिक भवन में पहली बार गणेश भगवान की प्रतिमा स्थापित किया गया जिससे वार्ड के पूजा को लेकर उत्साह है। इस आयोजन में पप्पू पैकरा, नारायण पैकरा, पप्पू राजवाड़े, राकेश प्रसाद, सोनू राजवाड़े, शमशाद, रवि, आकाश, अमित, प्रमित राजवाड़े, शमशाद, अनिल, आकाश सक्रिय है।




# तमन्ना-डायना की सीरीज डू यू वाना पार्टनर का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** तमन्ना भाटिया और डायना पेंटी की सीरीज डू यू वाना पार्टनर का ट्रेलर मेकर्स ने जारी किया है। ट्रेलर में दिखाया जाता है कि कैसे दो महिलाएं शिखा और अनाहिता अपने नए बिजनेस को शुरू करती हैं। इसमें उन्हें धैर्य और संघर्ष को बेहद ही शानदार ढंग से दिखाने का प्रयास किया जाता है। ट्रेलर में कॉमेडी भी देखने को मिलती है। इस सीरीज को युवाओं पर फोकस किया गया है, जो दर्शकों को प्रेरणा देने का काम भी कर सकती है। कोलिन डी कुन्हा और अर्चित कुमार द्वारा निर्देशित सीरीज डू यू वाना पार्टनर 12 सितंबर को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। वहीं, इस सीरीज को मिथुन गोंगोपाध्याय और निशांत नायक द्वारा निर्मित किया गया है।

लाइफ Style

# साई धनशिका

## 12 साल बड़े स्टार से की सगाई

स्टार विशाल ने साई धनशिका के साथ अपने रिश्ते का खुलासा इस साल मई में किया था। उन्होंने जल्द शादी करने की बात कुबूल थी। जब से इस बात का पता चला था कि दोनों रिलेशनशिप में हैं, तभी से ही उनके फैंस दोनों की शादी का इंतजार कर रहे थे। कपल ने अब अपनी सगाई की तस्वीरें शेयर करके फैंस को खुशखबरी दी है। इसे लेकर विशाल के फैंस काफी खुश हैं। वे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्हें बधाई देते दिख रहे हैं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

धनशिका से विशाल 12 साल बड़े हैं। एक्टर ने सगाई की तस्वीरों को शेयर करते हुए लिखा, 'दुनिया के कोने-कोने से लोग मुझे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शुभकामनाएं और आशीर्वाद दे रहे हैं। इसके लिए आप सभी करीबियों का धन्यवाद. आज मुझे साई धनशिका के साथ हुई सगाई के बारे में आपको बताते हुए बहुत खुशी हो रही है। हमेशा की तरह आपके आशीर्वाद की कामना करता हूं।' तस्वीरों में विशाल और धनशिका के साथ ही उनका परिवार भी दिख रहा है। विशाल ने इनमें अपनी अंगूठी की फोटो भी शेयर की है। जब दोनों ने अपने रिश्ते का खुलासा किया था, तब साई धनशिका ने कहा था कि वो विशाल को 15 साल से जानती हैं। उनके मुताबिक, मुश्किल हालातों में विशाल ने उनका साथ दिया. वहीं विशाल ने कहा था कि साई को पार्टनर के रूप में पाकर वो बहुत खुश हैं और ईश्वर को इसके लिए धन्यवाद देते हैं। विशाल और साई धनशिका फिलहाल शादी की तारीख का ऐलान नहीं किया गया है, लेकिन जल्द ही दोनों शादी करेंगे। बताया जा रहा है कि सगाई की तरह इसमें भी करीबी रिश्तेदार ही शामिल होंगे। वर्क फ्रंट की बात करें तो विशाल अपनी 35वीं फिल्म मगुडम पर काम कर रहे हैं।



हॉलीवुड मसाला

# ओल्ड टाउन रोड से मिली पहचान



**लॉस एंजिल्स।** अटलांटा के 26 वर्षीय रैपर और गायक लिल नैस एक्स को 2018 के अपने सबसे प्रसिद्ध एल्बम 'ओल्ड टाउन रोड' के लिए जाना जाता है। यह गाना दर्शकों द्वारा काफी पसंद किया गया था। इसके अलावा रैपर को साल 2021 में आए मोंटेरो एल्बम के लिए ग्रैमी पुरस्कार के लिए भी नामांकित किया गया था। लिल नैस एक्स रैपर लिल नैस एक्स ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट किया। इसमें उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, पिछले चार दिन बहुत डरावने रहे हैं।



# मरने से पहले अपने हर बच्चे के नाम छोड़ गया 244 करोड़ रुपए

**लॉस एंजिल्स।** शायद ही दुनिया में कभी ऐसा पॉप स्टार होगा, जिसके मरने पर पूरी दुनिया ने आंसू बहाए और इसकी अंतिम यात्रा में शामिल होने के लिए लकी टिकट निकाले गए थे। इसकी अंतिम यात्रा को स्ट्रीम किया गया, तो उसे दुनियाभर के 300 करोड़ लोगों ने देखा था। यही नहीं, मरने के 70 दिन बाद इसे दफनाया गया था और वह भी रहस्यमय तरीके से। और तो और इस पॉप स्टार ने मरने के बाद कई रिकॉर्ड बनाए थे। इसके नाम पर एक-दो नहीं, बल्कि 39 गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड हैं। बताया जाता है कि मौत के बाद इस पॉप स्टार की 17,110 करोड़ रुपए कमाई हुई। यह अपने हर बच्चे के नाम 244 करोड़ और बाकी प्रॉपर्टी में हिस्सा छोड़ गया था। यह थे माइकल जैक्सन, जिन्हें दुनिया 'किंग ऑफ पॉप' भी कहती थी। वह दुनिया के सबसे बेहतरीन सिंगर थे। आवाज के अलावा वह अपने गानों, डांसिंग स्टाइल और मून वॉक के लिए मशहूर थे।



# सनी संस्कारी ...में बाहुबली अवतार में दिखे वरुण!

**मुंबई।** एक्टर वरुण धवन और जान्हवी कपूर की फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' के मेकर्स ने शुक्रवार को टीजर रिलीज कर दिया है, जिसमें कॉमेडी और रोमांस का शानदार तड़का देखने को मिल रहा है। धर्मा प्रोडक्शन ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर टीजर रिलीज किया और कैप्शन में लिखा, 'चार लोग, दो दिल तोड़ने वाले, एक शादी। फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी'का टीजर रिलीज हो गया है। यह 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।' 1 मिनट के टीजर की शुरुआत वरुण धवन के मस्ती भरे अंदाज से होती है, जहां वह बाहुबली अवतार में नजर आते हैं। वरुण मजेदार अंदाज में पूछते हैं, 'मैं बाहुबली लग रहा हूं ना?' जवाब में एक किरदार कहता है, 'रणवीर सिंह की धोती में प्रभास का पौधा लग रहा है!




# कमजोर कहानी को न परम संभाल पाए न ही सुंदरी

**नई दिल्ली।** सिद्धार्थ मल्होत्रा, जाह्नवी कपूर, मनजोत सिंह और संजय कपूर स्टारर फिल्म परम सुंदरी शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई। परम सुंदरी की कहानी कमजोर निकली, कुछ भी नयापन देखने को नहीं मिला। फिल्म की कहानी एक नॉर्थ इंडियन लड़के परम सचदेव (सिद्धार्थ मल्होत्रा) और एक साउथ इंडियन लड़की थेक्कापट्टू सुंदरी दामोदरम पिल्लई (जाह्नवी कपूर) पर आधारित है। फिल्म में न तो कोई बेहतरीन लव स्टोरी है और न ही कोई कॉमेडी जो इसे मनोरंजक बना सके। फिल्म में जाह्नवी कपूर और सिद्धार्थ मल्होत्रा को कई बार ओवरएक्टिंग करते देखा। जाह्नवी फिल्म में जिस तरह के रोल में थीं, उस पर खरी नहीं उतर पाईं। उन्हें अभी भी काफी मेहनत करने की जरूरत है।

टीवी मसाला



# अनुपमा सिंहासन पर काबिज, पिछली बार से तुलसी की बेहतर हुई स्थिति

**नई दिल्ली।** 33वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट सामने आ चुकी है। पिछले बार के मुकाबले लिस्ट में बड़ा उलट-फेर नहीं हुआ है। सीरियल अनुपमा अपनी जगह पर काबिज है। सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' ने अपनी कंडीशन को कुछ बेहतर किया है। रुपाली गांगुली स्टारर सीरियल अनुपमा कई साल से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है, साथ ही टीआरपी लिस्ट में हमेशा टॉप फाइव में बना रहता है। 33 हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में इसे 2.3 की टीआरपी मिली है और यह पहले नंबर पर काबिज है। पिछले हफ्ते भी यह सीरियल टॉप पर बना हुआ था। सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' 2.0 की टीआरपी के साथ दूसरे नंबर पर है। वहीं, तीसरे नंबर पर स्मृति ईरानी स्टारर सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' है, इसे 1.9 की टीआरपी मिली है। पिछले हफ्ते यह शो चौथे नंबर पर था। लगभग 17 साल से टीवी पर दर्शकों को अपनी कॉमेडी से हंसा रहा सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा'इस हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में चौथे नंबर पर है। पांचवें नंबर पर शरद केलकर स्टारर सीरियल 'तुम से तुम तक' शामिल हुआ है।

# अमिताभ ने याद किया विराट का इमोशनल पल

नई दिल्ली। सोनी टीवी का क्विज रियलिटी शो कौन बनेगा करोड़पति लंबे वक्त से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। शो में अमिताभ बच्चन कई अलग-अलग किस्से और अपने विचारल फैंस के साथ शेयर करते हैं। अब शो के लेटेस्ट एपिसोड में अमिताभ बच्चन ने विराट कोहली के उस इमोशनल पल को याद किया जब आईपीएल में उनकी टीम को जीत



मिली थी। अमिताभ बच्चन ने कहा कि जब सालों की मेहनत के बाद व्यक्ति को जीत मिलती है तो आदमी हिल जाता है। कौन बनेगा करोड़पति 17 के लेटेस्ट एपिसोड में अमिताभ बच्चन ने सामने बैठे कंटेस्टेंट से क्रिकेट से जुड़ा सवाल पूछा। सवाल था- 2025 में, अपने करियर में किसी एक फ्रेंचाइजी के लिए 9000 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज कौन बने? सवाल के जवाब में कंटेस्टेंट ने तुरंत विराट कोहली का नाम लिया, जो एक सही जवाब था। इसके बाद अमिताभ बच्चन ने विराट कोहली के एक इमोशनल पल को याद करते हुए क्रिकेटर की तारीफ की। अमिताभ बच्चन ने कहा, 'विराट कोहली अपने कॅरियर में सिर्फ आरसीबी के लिए खेले हैं और ये कभी जीत नहीं पाए थे। वो दृश्य देखा होगा आपने जब वो जीते थे। इतना भावुक हो जाता है इंसान, इतना बड़ा क्रिकेटर। विश्वभर में जिसका नाम हो।

# बंधनों को तोड़कर कश्मीर से उठी सुरों की इबादत



**नई दिल्ली।** अभिनेत्री सबा आजाद और सोनी राजदान स्टारर फिल्म 'सॉन्स ऑफ पैराडाइज' ओटीटी पर शुक्रवार को रिलीज हो गई है। कहते हैं, एक सच्चे कलाकार की कला हर धर्म, जाति, पंथ और लिंग की सीमाओं से ऊपर उठकर सिर्फ इंसानियत और भावनाओं की जुबान बोलती है। उसकी कला को समाज की बेड़ियां जकड़ नहीं सकतीं। दूसरे शब्दों में कहें तो एक कलाकार को कैद किया जा सकता है लेकिन उसकी कला को नहीं। अभिनेत्री सबा आजाद और सोनी राजदान की फिल्म 'सॉन्स ऑफ पैराडाइड' इसी सच को बयां करती है। कश्मीर की एक साधारण सी लड़की जो सपने तो देखती है मगर उन्हें पूरा करने की उसे अनुमति नहीं है। क्यों? क्योंकि वो एक लड़की है, जिसे शादी करके अपने शौहर के घर जाना है। कहने को तो 'आजाद भारत' में साल 1954 की बात है, लेकिन आजादी का असली मतलब क्या है, ये शायद किसी को नहीं पता। ये कहानी है साधारण सी लड़की 'जेबा' की, जो आगे चलकर कश्मीर की 'नूर बेगम' बनती हैं। फिल्म में सबा आजाद ने जेबा का किरदार निभाया है, जिनकी मासूमियत स्क्रीन पर देखते ही बनती है। सबा ने अपने किरदार के साथ जस्टिस करने की पूरी कोशिश की है और इसके लिए उन्हें पूरे नंबर दिए जाने चाहिए। वहीं, मौजूदा वक्त में जेबा यानी नूर बेगम का किरदार दिग्गज अभिनेत्री सोनी राजदान ने निभाया है। सोनी राजदान ने अपने अभिनय का पूरा अनुभव फिल्म में झोंक दिया है। सबसे बड़ी चुनौती जो इन अभिनेत्रियों के सामने थी वो था कश्मीरी एक्सेंट को अपनाने की, जिसके लिए इनकी तारीफ जरूर करनी चाहिए। जेबा की अम्मी के रोल में शिबा चड्ढा नजर आ रही हैं, वहीं आजाद साहब का रोल जैन खान दुर्रानी ने निभाया है। एक्टिंग के मामले में फिल्म में कहीं पर भी कोई खामी नजर नहीं आती। हर एक किरदार अपने-अपने प्लॉट के हिसाब पूरी तरह खरा उतरता है।

# जय गणपति... गणनायक...




**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन गुरुवार को मुंबई स्थित अपने आवास पर 'गणेश चतुर्थी' उत्सव के दौरान।

## जापान के कोबे शहर में हुई थी सायोनारा गाने की शूटिंग

# तब 16 साल के थे पीएम मोदी, जब सायोनारा की थी भारत में गूंज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

करीब 59 साल पहले आई फिल्म लव इन टोक्यो को इस वक्त याद करना तो बनता है। इस वक्त जहां भारत के प्रधानमंत्री इस वक्त जापान के टोक्यो में हैं और ये फिल्म उनके टीनेज के दिनों की है। पीएम मोदी 31 अगस्त से 1 सितंबर तक चीन के तियानजिन में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। आज हम यहां उस फिल्म को याद करने जा रहे हैं जो जापान से जुड़ा है और जब ये फिल्म रिलीज हुई थी तो पीएम मोदी करीब 16 साल के रहे होंगे। अपने युवा दौर में यकीनन उन्होंने भी इस फिल्म और इसके फेमस गाने 'सायोनारा' का लुत्फ जरूर उठाया होगा। आज हम इसी 'सायोनारा' की कहानी सुनाने जा रहे हैं। 'सायोनारा' गाना फिल्माया गया था आशा पारेख पर, जिनकी खूबसूरती ने इसमें चार चांद लगा दिया था। इसमें आवाज दी थी लता मंगेशकर ने, जिनकी आवाज आज भी हर किसी के दिलों में जवां है।



### लव इन टोक्यो को खूब मिली सफलता

'लव इन टोक्यो' बताती है कि उन्हें इतनी सफलता क्यों मिली। ये फिल्म बेहतरीन और आकर्षक होने के साथ-साथ नैतिक रूप से भी ईमानदार रही जिसने दर्शकों को बीच-बीच में मुस्कुराने, इमोशनल करने और खिलखिलाने पर मजबूर किया। वैसे तो इस फिल्म में कई गाने थे, जिसमें 'ले गई दिल गुड़िया जापान की' और 'सायोनारा सायोनारा' भी शामिल हैं। 'सायोनारा' ने अधिक पॉप्युलैरिटी बटोरी जिसकी वजह शायद ये शब्द 'सायोनारा' था। गाने में आवाज दी थी स्वर कोकिला लता मंगेशकर ने, लेकिन इसे लिखा था हसरत जयपुरी ने। संगीत शंकर जयकिशन का था। बताया जाता है कि 'सायोनारा' की शूटिंग जापान के कोबे शहर में हुई लेकिन जापानी दृश्यों को क्योटो में फिल्माया गया था। फिल्म में क्योटो के कुछ रियल लोकेशन थे।

### उस दौर में रेडियो पर लोगों ने इस गाने को खूब सुना

*आशा पारेख और जॉय मुखर्जी की लीड रोल वाली ये फिल्म 'लव इन टोक्यो' ऐसी ही फिल्म थी, जो प्यारी और मनोरंजक थी। 1960 के दशक में कई फिल्में आईं जिसने बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा दी और लोगों की यादों में हमेशा के लिए रह गईं। उन्ही दिनों साल 1966 में रिलीज हुई 'लव इन टोक्यो' जिसका गाना 'सायोनारा' अपने रोमांटिक अंदाज, जापान के अद्भुत लोकेशन और दिल को छू लेने वाले धुनों का ऐसा मेल था जिसे देखने वालों ने ही नहीं बल्कि सुनने वालों ने भी खूब प्यार दिया।*

### लव इन टोक्यो की कहानी

लव इन टोक्यो' की कहानी टोक्यो, जापान के बैकग्राउंड पर सेट है, जहां अशोक यानी (जॉय मुखर्जी) अपने भतीजे चिक्कू को भारत से लाने के लिए जापा पहुंचता है। दरअसल गायत्री देवी (ललिता पवार) अपने बेटे अशोक को जापान भेजती है ताकि उसका पोता उसके पास आ जाए। गायत्री देवी का एक बड़ा बेटा था, जिसने उसके आशीर्वाद के बिना जापानी मूल की लड़की से शादी की थी। वह चाहती है कि अशोक सरिता से शादी कर ले, लेकिन अशोक सरिता में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाता है। उधर जापान पहुंचने के बाद अशोक आशा (आशा पारेख) से मिलता है और दोनों में प्यार हो जाता है। वहीं ,अब आशा के चाचा चाहते हैं कि आशा प्राण (प्राण) से शादी कर ले, लेकिन आशा को वो पसंद नहीं और फाइनली वो अशोक के साथ भाग जाती है।

### आशा पारेख कब गाती हैं सायोनारा

इसी फिल्म मे जब अशोक आशा (आशा पारेख) से मिलता है तो दोनों की लव स्टोरी शुरू होती है। आशा एक सिख लड़के और फिर चिजुरु (चिक्कू की कथित मौसी) के भेष में अशोक से मिलती है। इस फिल्म में दोनों के बीच फिल्माया गाना 'सायोनारा सायोनारा' उसी सीन में आता है। जब आशा, चिजुरु के रूप में, अशोक के साथ रोमांटिक अंदाज में छेड़खानी करती है और वादा करती है कि वह फिर मिलेगी। 'सायोनारा' एक जापानी शब्द है जिसका मतलब अलविदा है। हालांकि फिल्म के गाने 'सायोनारा सायोनारा, वादा निभाऊंगी सायोनारा, इठलाती और बलखाती, कल फिर आऊंगी सायोनारा' में इस शब्द का इस्तेमाल एक चंचल और रोमांटिक विदाई की तरफ इशारा करता है जिसमें फिर मुलाकात का इशारा है। ये फिल्म के टोक्यो सेटिंग के साथ मेल खाता है।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेसियों को मां और मिट्टी की समझ नहीं : अरुणधर



**रायगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वर्गीय सौ वर्षीय माता पर की गई अपमानजनक टिप्पणी पर जिला भाजपा अध्यक्ष अरुणधर दीवान ने तीखा पलटवार किया। उन्होंने कहा कि सत्ता पाने की होड़ में राहुल गांधी और तेजस्वी यादव ने राजनीति की मर्यादाएं तोड़ दी हैं। दीवान ने कहा कि मां का सम्मान करना हर नेता का प्रथम कर्तव्य है, क्योंकि मां का अपमान प्रकृति और संस्कृति दोनों का अपमान है। उन्होंने विपक्षी नेताओं को भाषा की शालीनता बनाए रखने की नसीहत दी। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि बिहार भगवान बुद्ध और आचार्य चाणक्य की धरती हैए यहां से मां के सम्मान पर चोट करना पूरे समाज का अपमान है। राहुल और तेजस्वी अपनी संभावित हार से हताश होकर गाली.गलौज पर उतर आए हैंए लेकिन बिहार की जनता उन्हें कभी माफ नहीं करेगी।

### पीएम आवास के रिक्त पदों पर हो रही भर्ती

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले में पीएम आवास शाखा अंतर्गत रिक्त विभिन्न पदों पर भर्ती चल रही है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने आज भर्ती के तहत अभ्यर्थियों के इंटरव्यू प्रक्रिया का निरीक्षण किया। उनके निर्देशानुसार भर्ती में पारदर्शिता की दृष्टि से पूरे इंटरव्यू प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग कराई जा रही है। ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत जिले में प्रशिक्षण समन्वयक एवं जनपद पंचायतों में विकासखण्ड समन्वयक, तकनीकी सहायक एवं डाटा एन्ट्री ऑपरेटर के संविदा पद भर्ती हेतु कौशल परीक्षा एवं साक्षात्कार का आयोजन 29 अगस्त को प्रातः 10 बजे से उत्तम मेमोरियल कॉलेज, पटेलपाली रायगढ़ में किया गया। सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव के निर्देशन में संपूर्ण भर्ती प्रक्रिया निष्पक्ष रूप से सीसीटीवी कैमरा के निगरानी में किया गया तथा अभ्यर्थियों के साक्षात्कार की प्रक्रिया वीडियोग्राफी किया गया।

## पेज 1 का शेष

### गौ मांस बनाकर ...

मांस बनाकर खाने व बिक्री करने के लिए हिस्सा बंटवारा कर रहे हैं। पत्थलगांव पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना के संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को अवगत कराते हुए तत्काल पुलिस टीम के साथ मुखबिर के बताए अनुसार ग्राम मुड़ापारा, पैरापारा रवाना हो कर खेत की घेरा बंदी की गई जहां पुलिस को चार संदिग्ध व्यक्ति मिले।

### गौमांस के साथ ...

गया, गौ वंश, आरोपी राजू कुजूर का था, जिसे कि वे एक अन्य आरोपी विनय कुजूर के साथ मिलकर खाने व बिक्री करने के लिए वध किए थे, शेष गौ वंश के मांस को आरोपी विनय कुजूर अपने साथ लेकर गया है। चारों आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने पांचवे आरोपी विनय कुजूर को भी चिन्हित कर लिया था, जिसे भी पुलिस द्वारा हिरासत में ले लिया गया है। शेष गौ वंश के मांस के संबंध में आरोपी विनय कुजूर उम्र 35 वर्ष निवासी मुंडा पारा थाना पत्थलगांव से पूछताछ करने पर उसके द्वारा गौ वंश के मांस को नाले में बहा देना बताया गया है। जिसके सम्बन्ध में पुलिस की जांच जारी है, जिसे भी जब्त करने प्रयास किया जा रहा है।

---

### जिले में साइबर ठगों का आतंक, हर दिन 4 लोग हो रहे शिकार

# 243 दिन में 930 मामले, साढ़े 6 करोड़ की ठगी, जल्द एक हजार के पार होगा आंकड़ा



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में साइबर अपराधियों की गतिविधियां बेकाबू हो गई हैं। हर दिन औसतन 3 से 4 लोग ऑनलाइन ठगी का शिकार हो रहे हैं। कभी इंटरनेट लिंक पर क्लिक करने से। तो कभी सोशल मीडिया मैसेज या कॉल के जरिए लोग अपनी मेहनत की गाढ़ी कमाई गंवा रहे हैं। पुलिस की ताज़ा रिपोर्ट के मुताबिक जनवरी 2025 से अब तक रायगढ़ जिले में 930 साइबर ठगी के मामले दर्ज किए गए हैं। इन मामलों में अपराधियों ने मिलाकर करीब साढ़े करोड़ रुपए की ठगी कर ली है।

1 जनवरी से अब तक के आंकड़े बताते हैं कि साइबर अपराधियों की सक्रियता लगातार बढ़ रही है। जनवरी से मार्च तक औसतन 80-90 मामले दर्ज हुए। अप्रैल से जुलाई के बीच यह संख्या हर महीने 120-130 तक पहुंच गई। अगस्त में स्थिति और गंभीर हो गई है और आशंका है कि 31 अगस्त तक मामलों की संख्या 1000 पार हो जाएगी। सबसे गंभीर स्थिति यह है कि ठगी गए पैसों में से केवल 0.2 रकम ही पीड़ितों को वापस मिल पाई है। पुलिस के अनुसार, ठगी की रकम तुरंत अलग अलग खातों, वॉलेट और अब तो विदेशी बैंक खातों में भेज दी जाती है। जिससे उसे रोकना मुश्किल हो जाता है। यही वजह है कि पीड़ितों को उनकी मेहनत की कमाई वापिस नहीं मिल पा रही है।

#### कैसे कर सकते हैं खुद का बचाव

- किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें।
- ओटीपी, बैंक पासवर्ड और पिन किसी को न बताएं।
- लुभावने ऑफर और फर्जी निवेश योजनाओं से दूर रहें।
- ठगी होते ही तुरंत 1930 हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करें और साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज करें।

#### साइबर अपराधियों के नए हथकंडे

पुलिस और साइबर विशेषज्ञों ने बताया कि अपराधियों के तरीके अब और भी खतरनाक हो चुके हैं। पहले ठगी के पैसे 100-200 बैंक खातों में ट्रांसफर कर नकद निकाल लेते थे। अब पैसा सीधे विदेशी खातों में भेजा जा रहा है। ऐसे मामलों में रिकवरी लगभग नामुमकिन हो जाती है। पिछले कुछ दिनों से साइबर ठग यह तरीका अपना रहे हैं। खासकर शेयर ट्रेडिंग और डिजिटल अरेस्ट वाले मामलों में ज्यादा इजाफा हो रहा है। साइबर ठगी के लिए सबसे ज्यादा फिशिंग का इस्तेमाल हो रहा है। साइबर ठग सोशल मीडियाए कॉल आदि के जरिए शेयर बाजारए ऑनलाइन टॉस्क आदि का झांसा देते हैं। इसमें फंसकर लोग लाखों रुपए गंवा रहे हैं।

#### सबसे ज्यादा नुकसान फिशिंग से

रायगढ़ जिले में फिशिंग अटैक सबसे बड़ी चुनौती बनकर सामने आया है। अपराधी सोशल मीडिया, ईमेल और कॉल के जरिए निवेश, ऑनलाइन टॉस्क, लोन ऑफर और शेयर ट्रेडिंग के झांसे देते हैं। लोग झांसे में आकर लिंक पर क्लिक करते हैं या अपनी बैंक डिटेल शेयर कर देते हैं। एक बार जानकारी मिलते ही ठग मिनटों में लाखों उड़ा ले जाते हैं। रायगढ़ जिले में साइबर अपराधियों ने इस साल अब तक करीब साढ़े 6 करोड़ रुपए की ठगी कर ली है और हर दिन औसतन 4 लोग उनके शिकार बन रहे हैं। अगर लोगों में जागरूकता और प्रशासन की निगरानी नहीं बढ़ीए तो आने वाले महीनों में यह आंकड़ा और भी भयावह हो सकता है।

#### हाल ही में तीन केस से पुलिस की चिंता बढ़ी

हाल ही में साइबर ठगी के तीन ऐसे केस सामने आए हैं जिससे पुलिस की चिंता बढ़ गई है। कुछ दिन पहले फ्रॉड इन्वेस्टिंग ऐप में एक युवक ने 45 लाख रुपए गंवा दिए। राशि गंवाने के बाद उसे ठगी का एहसास हुआ तो वह थाने पहुंचा। दूसरे मामले में एक युवती का डिजिटल अरेस्ट हुआ था। जानकारी के अनुसार युवती एक विदेशी से चैट करती थी। फर्जी विदेशी ने युवती को डिजिटल अरेस्ट कराकर 7 लाख रुपए ले लिया। इसी तरह एक युवक ने फर्जी लोन ऐप के चक्कर में 22 लाख रुपए लुटा दिए हैं। हैरानी इस बात को लेकर होती है कि ये सभी पीड़ित खुद को लुटाने के बाद ही थाने तक पहुंचते हैं। उससे भी हैरानी की बात तो ये है कि जितने भी लोग ठगों के झांसों में आ रहे हैं वे सब अच्छे खासे पढ़े लिखे हैं।

#### त्योहारों में और बढ़ेगा खतरा

विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले महीनों में त्योहारी सीजन की वजह से साइबर ठगी और तेजी से बढ़ सकती है। इस दौरान ऑनलाइन शॉपिंगए यात्रा बुकिंग और आयोजनों की टिकटिंग अधिक होती है। ठग फर्जी बुकिंग इंटरफेस, नकली ई.कॉमर्स ऑफर और फेक यूपीआई लिंक बनाकर लोगों को लुभाते हैं। डांडिया नाइटए सांस्कृतिक आयोजन और ट्रेवल पैकेज के नाम पर नकली वेबसाइट बनाई जाती है, जिन पर बुकिंग करते ही पैसा गायब हो जाता है। कई साइट्स पर छिपे मालवेयर और स्पैम बैंकिंग जानकारी चुरा लेते हैं।

#### पुलिस और प्रशासन की चुनौतियां

रायगढ़ साइबर सेल लगातार लोगों को जागरूक कर रही है। थानों में केवल बड़े मामलों की रिपोर्ट दर्ज होती है। जबकि छोटे.मोटे मामलों की शिकायतें ऑनलाइन और साइबर सेल में की जा रही हैं। लेकिन सबसे बड़ी चुनौती यह है कि अपराधियों का नेटवर्क राज्य से बाहर और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक फैला हुआ है। कई ठगी गैंग उत्तर प्रदेश, दिल्ली, झारखंड और विदेशी देशों से ऑपरेट करते हैं।

---

### चार शिक्षकों को सेवानिवृत्ति के साथ मिला पेंशन का भरोसा

**जशपुरनगर।** बगीचा विकास खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बगीचा में शुक्रवार का दिन शिक्षकों के लिए यादगार बन गया। पहली बार यहां एक साथ चार शिक्षकों को सामूहिक विदाई दी गई और उन्हें सेवा निवृत्ति के साथ ही पीपीओ नंबर से संबंधित दस्तावेज सौंपे गए। यह परंपरा नए बीईओ सुदर्शन पटेल ने शुरू की है। उनका कहना है कि सेवानिवृत्ति के बाद अब शिक्षकों को भुगतान के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि सेवा निवृत्ति से जुड़े सभी भुगतान 30 दिनों के भीतर पूरे कर दिए जाएंगे और सितंबर माह से ही पेंशन शिक्षकों को मिलने लगेगी। सेवानिवृत्त शिक्षक रेमजियुस एक्का, राजेश भगत, विमल कुमार भगत और फ्रांसिस जेबीयर मिंज ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि अब उन्हें विभागीय चक्कर नहीं लगाने होंगे। लंबे शिक्षकीय जीवन के अनुभव साझा करते हुए उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया। भाजपा जिला महामंत्री मुकेश शर्मा ने कहा कि "बगीचा बीईओ कार्यालय की पहल सराहनीय है। सेवानिवृत्त शिक्षकों को सामूहिक विदाई और सेवा निवृत्ति के साथ ही पीपीओ नंबर मिलना सम्मान की नई परंपरा है। पहले महीनों तक भुगतान के लिए भटकना पड़ता था, अब 30 दिन में भुगतान और तुरंत पेंशन शुरू होना बड़ी राहत है। मैं बीईओ सुदर्शन पटेल और उनकी टीम को बधाई देता हूँ।जनपद अध्यक्ष श्रीमती गायत्री नागेश ने भी बीईओ कार्यालय की इस पहल को अभिनव बताते हुए कहा कि पहले शिक्षकों को वर्षों तक पेंशन और अन्य भुगतान के लिए प्रतीक्षा करनी पड़ती थी, मगर अब यह समस्या खत्म हो जाएगी।

---

## प्रधानमंत्री आवास योजना कर रहा लोगों के सपने साकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में आर्थिक रूप से कमजोर विशेषकर गरीब परिवारों को पक्के मकान का सपना पूरा हो रहा है और उनके परिवारिक जीवन में बदलाव आ रहा है।

**खास बात**

- मणिभूषण मिंज अपने परिवार के साथ खुद के पक्के मकान में खुशहाल जीवन

दूरस्थ अंचलों में निवासरत लोगों तक को योजना का लाभ दिया जा रहा है। इसी कड़ी में जशपुर विकासखण्ड क्षेत्र में निवासरत ग्राम बाधरकोना निवास मणिभूषण मिंज को वर्ष 2024 - 2025 में आवास योजना लाभ जिला प्रशासन के प्रयासों से मिला है। खुद के पक्के मकान में



अपने परिवार के साथ खुशहाल जीवन व्यतीत कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि योजना से पक्का मकान बन जाने से कई परेशानियों से छुटकारा मिल गया है। बारिश में छत से पानी टपकने या गीले दीवारों की चिंता भी दूर हुई। साथ ही सांप बिच्छुओं का भी डर नहीं रहा। अब वह अपने परिवार के साथ पक्के मकान में खुद को सुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

## मोबाइल चोरी का खुलासा, दुकानदार भी चढ़े हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

घरघोड़ा पुलिस ने मोबाइल चोरी के मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने स्थानीय चोर को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर चोरी की संपत्ति खरीदने वाले दो मोबाइल दुकानदारों को भी धर दबोचा। इस कार्रवाई में कुल 19 नग मोबाइल फोन और 1,100 रुपए नगद रकम जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 1.50 लाख रुपए आंकी गई है।

मामला 18-19 अगस्त की रात का है। जब कुडुमकेला मेन रोड स्थित बेहरा मोबाइल दुकान का एल्बेस्टर शीट तोड़कर अज्ञात आरोपी ने दुकान से एक ओप्पो और एक पोको C75 कंपनी का नया मोबाइल चोरी कर लिया। इस पर दुकान संचालक ओमप्रकाश बेहरा की रिपोर्ट पर थाना घरघोड़ा में अपराध दर्ज किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने स्थानीय युवक दीपक झरिया (19 वर्ष, ग्राम कुडुमकेला निवासी) को



पकड़ा। पूछताछ में उसने चोरी की वारदात स्वीकार की और बताया कि उसने मोबाइल रायगढ़ की दुकानों में बेचे हैं। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की रकम में से 1,100 रुपए नकद और 17 पुराने मोबाइल जब्त किए। वहीं मोबाइल दुकान संचालक अंकुश अग्रवाल (30 वर्ष, निवासी बेनीकुंज) और यश बंसल (29 वर्ष, निवासी ढिमरापुर चौक) से भी चोरी के मोबाइल बरामद हुए।

#### दुकान संचालकों ने स्वीकार किया अपराध

अंकुश अग्रवाल से एक पोको मोबाइल (कीमत 10,999) और यश बंसल से एक ओप्पो मोबाइल (कीमत 16,999) जब्त किया गया। पूछताछ में दोनों दुकानदारों ने चोरी की संपत्ति जानते हुए भी मोबाइल खरीदने की बात स्वीकार की। इस कार्रवाई से पुलिस ने न केवल चोरी का खुलासा हुआ। बल्कि चोरी की संपत्ति खरीद-फरोख्त में शामिल दुकानदारों पर भी शिकंजा कसते हुए संदेश दिया कि अपराध में संलिप्त किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

#### तीनों आरोपी भेजे गए जेल

घरघोड़ा पुलिस ने मामले में चोरी की संपत्ति खरीदी और एक से अधिक आरोपी पाए जाने पर धारा 317, 2, 3, 5 बीएनएस जोड़ी है। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

## कृष्णवी अविका की कथक ने मोहा दर्शकों का मन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

चक्रधर समारोह के तीसरे दिन का मंच आज एक विशेष क्षण का साक्षी बनाए जब बाल कलाकार सुश्री कृष्णवी सिंह और अविका मोटवानी ने अपनी मनमोहक कत्थक नृत्य प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बाल प्रतिभा के रूप में मंच पर उतरी वैष्णवी ने अपनी भाव भंगिमा, नृत्य की लय और सधी हुई ताल से ऐसा समां बांधा कि उपस्थित जनसमूह तालियों की गड़गड़ाहट से सभागार गुंजायमान करता रहा। कार्यक्रम में वैष्णवी ने कत्थक की परंपरागत बंदिशों और भावपूर्ण मुद्राओं के साथ नृत्य प्रस्तुत किया। उनकी नन्ही उम्र में दिखाई दी परिपक्वता और नृत्य की निपुणता देखकर हर कोई आश्चर्यचकित रह गया। दर्शकों ने बार.बार तालियों की गूँज से उनका उत्साहवर्धन किया। बाल कलाकार के इस अद्भुत प्रदर्शन जैसी प्रतिभाएं ही भारतीय शास्त्रीय नृत्य परंपरा को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान करती हैं। समारोह में बड़ी संख्या में कला.प्रेमी और स्थानीय नागरिक उपस्थित थे। कत्थक नृत्य की यह शानदार प्रस्तुति निश्चित ही चक्रधर समारोह के तीसरे दिन का मुख्य आकर्षण रही। बाल कलाकार सुश्री कृष्णवी सिंह और अविका मोटवानी अभी कत्थक की शिक्षा गुरु तब्बू परवीन से प्राप्त कर रही है। कृष्णवी और अविका वर्तमान में कक्षा तीसरी में पढ़ाई कर रही है। इनकी रुचि बचपन से ही नृत्य में रही है। होंने कलावत 2024, नाद मंजरी 2025, नटरंग 2025, चक्रधर समारोह ग्रुप डांस 2024, कलासंगम 2024, कौशल महोत्सव 2024 नाट्य नर्तन 2024, सरस मेला जैसे बड़े मंचों राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पर नृत्य प्रस्तुत किया है।

### सरिया में खेलकूद स्पर्धा का आयोजन

**सरिया।** सरस्वती शिशु मंदिर सरिया में विभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जहां विभिन्न सरस्वती शिशु मंदिरों के छात्र विभिन्न खेलों में भाग लेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि कोमल साहू तहसीलदार सरिया होंगे। इस प्रतियोगिता में करीब 20 स्कूलों के 250 से ज्यादा छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। यह प्रतियोगिता विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के तत्वाधान में आयोजित की गई है। जो भारत की सबसे बड़ी अशासकीय शिक्षण संस्था है। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्रों के शारीरिक और मानसिक विकास को बढ़ावा देना है। साथ ही उनमें खेल भावना और सांस्कृतिक पहचान का विकास करना है। प्रतियोगिता का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर सरिया में 30 अगस्त एवं 31 अगस्त को दो दिवसीय होगा। विभाग में तीन जिला शामिल है।

### नौनिहालों के लिए लिटिल एंजल सेंटर

**तमनार।** शिक्षा के क्षेत्र में जिंदल फाउण्डेशन जेपीएल तमनार ने ग्रामीण अंचलों के नौनिहालों को आधुनिक अंग्रेजी माध्यम शिक्षा से जोड़ने की अनूठी पहल की है। क्षेत्र के बच्चों को महंगे प्राइवेट स्कूलों पर निर्भर हुए बिना गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा दिलाने के लिए विकासखण्ड तमनार के 09 गांवों में लिटिल एंजेल सेंटर का संचालन किया जा रहा है। इन प्ले स्कूलों में 2.5 से 4 साल के बच्चों को विशेषज्ञ शिक्षकों के मार्गदर्शन में 2-3 घंटे का आधारभूत प्रशिक्षण दिया जाता है। बच्चों को खेल-खेल में अंग्रेजी व व्यवहारिक ज्ञान सिखाया जाता है ताकि वे आगे चलकर बड़े अंग्रेजी माध्यम स्कूलों की प्रवेश परीक्षाओं में सफल हो सकें। इस पहल का उद्देश्य बच्चों में किताबों से अधिक व्यावहारिक व आत्मविश्वासपूर्ण शिक्षा का वातावरण तैयार करना है। वर्तमान में डोलेसरा, सलिहाभाठा, कुंजेमुरा, लिबरा, टपरंगा, आमगांव, बुड़िया, कचकोबा एवं छर्राटांगर गांवों में कुल 09 लिटिल एंजेल सेंटर संचालित हो रहे हैं।

## कुत्ता खुला छोड़ने पर विवाद के बाद युवक की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ तमनार

रायगढ़ जिले के तमनार थाना क्षेत्र के आमाघाट फिटिंगपारा गांव में पालतू कुत्ते को खुला छोड़ने की बात को लेकर बड़ा विवाद हो गया। मामूली कहासुनी ने इतना विकराल रूप ले लिया कि 25 वर्षीय युवक सुजीत खलखो की जान चली गई।



पुलिस ने इस हत्या का पर्दाफाश करते हुए मुख्य आरोपी सूरज धनवार और उसके दो नाबालिग साथियों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक 27 अगस्त की रात प्रार्थी सुरेश कुमार मिंज अपने घर पर सुजीत खलखो के साथ भोजन कर रहा था। इसी दौरान गांव का ही सूरज धनवार अपने दो दोस्तों के साथ वहां पहुंचा और गुस्से में सवाल करने लगा कि पालतू कुत्ता को खुला क्यों छोड़ा गया। इसी मामूली बात पर विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी गाली.गलौज पर उतारू हो गए। कुछ ही देर में मारपीट शुरू हो गई और आरोपियों ने हाथ.मुक्का और टांगी से हमला कर सुजीत खलखो की बेरहमी से हत्या कर दी। इसके बाद तीनों आरोपी मौके से भाग निकले। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी कमला पुसाम ठाकुर अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचीं और वरिष्ठ अधिकारियों को मामले से अवगत कराया। लगातार सर्च और घेराबंदी के बाद पुलिस ने आरोपियों को पूंजीपथरा.तमनार के बीच जंगल से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तीनों आरोपियों को शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

---

### पुरानी ठेका कंपनी ही खरसिया में ओवरब्रिज बनाएगी

# आरओबी निर्माण वाई शेप में, लोकेशन तय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

आखिरकार खरसिया में रेलवे ओवरब्रिज आरओबी निर्माण के लिए पुराने डीपीआर को ही मंजूरी दे दी गई है। इस फैसले के बाद सवाल यह उठता है कि क्या वही पुराना ठेकेदार काम करेगा या फिर नया टेंडर किया जाएगा।

सूत्रों के अनुसार पुराने प्रस्तावित ठेकेदार से ही एग्रीमेंट किया जाएगा। आरओबी का काम 2021 में घोषित हुआ था और मार्च 2021 में प्रपोजल इंजीनियर इन चीफ को भेजा गया था। इस परियोजना में राज्य और केंद्र सरकार को बराबर राशि खर्च करनी थी। 14 सितंबर 2022 को खरसिया आरओबी के लिए भूमि पूजन भी



किया गया थाए जिसके लिए 64.95 करोड़ रुपये मंजूर किए गए थे। पहला टेंडर मई 2023 में खुला। जिसमें पंकज अग्रवालए मुंगेली को ठेका मिला। लेकिन उन्होंने एग्रीमेंट नहीं किया। दूसरी बार टेंडर सिंगल बिड के रूप में हुआ। तीसरी बार ठेका जयपुर की कंपनी भारत स्पान को मिला था। करीब 59 करोड़ रुपये में लेकिन तब भी एग्रीमेंट नहीं हो सका। अब शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी अवर सचिव ने एग्रीमेंट की मंजूरी जारी की। 2023 के रेट पर जब टेंडर हुआ था। तब रॉ मटेरियल, लेबर और एसओआर दरें कम थीं। 2025 में इन सभी की कीमतें बढ़ चुकी हैं। ऐसे में पुरानी कंपनी एग्रीमेंट करने के लिए सहमत होगी या नहींए यह स्पष्ट नहीं है। कंपनी नई लागत का आकलन कर सकती है।

#### वाई शेप में बनेगा आरओबी, भू अर्जन हो चुका

आरओबी का निर्माण वाय शेप में होगा। इसका एक सिरा हमालपारा बस स्टैंड की तरफ दूसरा रेलवे काउंटर और तीसरा सब्जी मंडी के पास उतरेगा। नए लोकेशन पर निर्माण की योजना बनाई गई थी, लेकिन प्रस्ताव तैयार करने के बाद लागत 100 करोड़ से अधिक आ गई। इसलिए पुरानी साइट पर ही काम करना उचित माना गया। पुरानी साइट पर भूअर्जन पहले ही हो चुका है।

#### शिलान्यास पहले हो गया

खरसिया आरओबी का वर्चुअल शिलान्यास 27 फरवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। तब भी एग्रीमेंट नहीं हुआ था, लेकिन शिलान्यास करवा लिया गया था। इस फैसले के बाद अब उम्मीद है कि खरसिया आरओबी निर्माण की प्रक्रिया तेज होगी और स्थानीय जनता की परेशानियां जल्द कम होंगी।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन: 07752-402070, 228277, मो.: 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 दिन
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,500/-
केरल दर्शन
मुन्नार, थेक्कड़ी, अल्लेप्पी, त्रिवेंद्रम
13 सितंबर, 20 सितंबर, 4 अक्टूबर, 15 नवंबर, 13 दिसंबर
राशि:-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 3 एसी- 32,500/-,(+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411